# राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर

## Seminar on 'N-List and open academic Resource

आज दिनांक 28-02-2021 को प्राणी विज्ञान विभाग की ओर से 'N-List and open academic Resource' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन मोड पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आज कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण दुनिया थम सी गई है । कोविड-19 महामारी के भयंकर प्रकोप के कारण शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा बाधित हो गयी है। ऐसे समय में डिजिटल माध्यम से शिक्षा विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के द्वार खोल रही है।

इस Cisco-Webex ऑनलाइन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सविता भारद्वाज ने N-List के महत्व व उपयोगिता के विषय में चर्चा की। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अजय कुमार श्रीवास्तव, गोरखपुर विश्वविद्यालय ने N-List और एकेडमिक रिसर्च के प्रयोग करने एवं प्रगति की असीम संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जब लाक-डाउन के दौरान विद्यार्थी अपने संस्थानों में जाकर अध्ययन नहीं कर पा रहे हैं तब ऐसे समय में विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने ईपीजी पाठशाला को डेवलप किया है। जिसमें लगभग 22 हजार से ज्यादा पुस्तकें उपलब्ध हैं। साथ ही NPTEL की चर्चा करते हुए कहा बताया कि यह विद्यार्थियों के साथ कामकाजी लोगों के लिए भी वरदान साबित हो रहा है। इसका पूरा पाठ्यक्रम उच्चगुणवत्ता वाले हैं। VIDYA MITRA ऑनलाइन लर्निंग पोर्टल का जिक्र करते हुए ई-कन्टेंट की जानकारी दी। इसी तरह OER की सुविधा का जिक्र करते हुए कहा कि यह स्वतंत्र रूप से सुलभ ऑनलाइन पुस्तकालय है ,जहाँ सबके लिए सामग्री सुलभ है। अब FDP और orientation की सुविधा भी ऑनलाइन के माध्यम से उपलब्ध है। आज छात्र डिजिटल माध्यम से शिक्षा एवं विभिन्न प्रशिक्षण के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने व्यक्तित्त्व का विकास कर रहे हैं। यह दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले कामकाजी व निर्धन छात्रों के लिए भी बहुत उपयोगी है। इस कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर संतन कुमार राम, विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग द्वारा किया गया। जन्तु विज्ञान के प्रभारी डॉ दिवाकर मिश्र ने सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया । इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के सभी 21 प्राध्यापक एवं 375 छात्राएं प्रतिभागी रहीं ।



(DIWAKAR MISHRA)

प्राचार्य
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गाजीपुर-233001